# छत्तीसगढ़ विधान सभा

फरवरी-मार्च, 2013 सत्र

## दैनिक कार्य सूची

शुक्रवार, दिनांक 15 मार्च, 2013 (फाल्गुन 24,1934)

समय 11:00 बजे दिन

### 1. प्रश्नोत्तर

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

### 2. नियम 138 (1) के अधीन ध्यानआकर्षण

(1) डॉ. शिवकुमार डहरिया, सर्वश्री रविन्द्र चौबे, धर्मजीत सिंह, सदस्य, जिला-रायपुर, विकासखण्ड अभनपुर में क्राउन विला एण्ड डेवलपर्स प्राईवेट लिमिटेड, रायपुर द्वारा कृषि भूमि पर अवैध आवासीय प्लाटिंग किये जाने की ओर राजस्व मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री देवजी पटेल, सदस्य, प्रदेश में धान खरीदी में अनियमितता किये जाने की ओर खाद्य मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(3) डॉ. शक्राजीत नायक, सदस्य, पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति मेडिकल कालेज, रायपुर में नियमित प्राध्यापकों एवं सहायक प्राध्यापकों की भर्ती न किये जाने की ओर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(4) डॉ. हरिदास भारद्वाज, सर्वश्री रविन्द्र चौबे, नंद कुमार पटेल, सदस्य, जिला-बालोद के डौण्डी ब्लाक अंतर्गत शासकीय कन्या आश्रम, आमाडूला में संचालित आदिवासी कन्या छात्रावास में रहने वाली छात्राओं के साथ अनाचार किये जाने की ओर आदिम जाति विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(5) श्री देवजी पटेल, सदस्य, राजीव गांधी शिक्षा मिशन अंतर्गत कम्प्यूटर खरीदी में अनियमितता किये जाने की ओर स्कूल शिक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(6) श्री मोहम्मद अकबर, सदस्य, प्रदेश में छात्राओं के साथ अनाचार किये जाने की घटना में वृद्धि होने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(7) श्री सौरभ सिंह,सदस्य,जांजगीर-चांपा जिले में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी द्वारा मड़वा से भिलाई तक पारेषण लाईन डालने से प्रभावित किसानों को क्षतिपूर्ति न दिये जाने की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(8) श्री मोहम्मद अकबर, सदस्य, जिला-बलौदाबाजार स्थित श्री सीमेंट कंपनी द्वारा किसानों की अधिग्रहित भूमि का पूर्ण मुआवजा न दिये जाने की ओर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(9) श्री नंद कुमार पटेल, सदस्य, प्रदेश में चोरी व लूट की घटनाओं में वृद्धि होने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(10) श्री सौरभ सिंह, सदस्य, जांजगीर-चांपा जिले के चंद्रपुर स्थित महानदी के दरहा घाट में लोगों की डूबने से मौत होने की ओर राजस्व मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

क्रमश: .... 2

(11) श्री नंद कुमार पटेल, डॉ. हरिदास भारद्वाज, श्री शिवराज सिंह उसारे, सदस्य, प्रदेश में गणवेश वितरण में अनियमितता किये जाने की ओर स्कूल शिक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(12) डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी, सदस्य, विधान सभा क्षेत्र मस्तूरी अंतर्गत निजी उद्योगों हेतु किसानों की अधिगृहीत भूमि का उचित मुआवजा तथा अन्य लाभ किसानों को न मिल पाने की ओर राजस्व मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(13) सर्वश्री ताम्रध्वज साहू, कुलदीप सिंह जुनेजा, सदस्य, राजधानी रायपुर के शंकर नगर में संचालित कन्या छात्रावास में अधीक्षकों के लिये बने आवासों को अन्य लोगों को आवंटित किये जाने की ओर आदिम जाति विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(14) सर्वश्री कुलदीप सिंह जुनेजा, रविन्द्र चौबे, सदस्य, नई राजधानी रायपुर से लगे गांवों में जमीन की अवैध खरीदी-बिक्री की जाने की ओर आवास एवं पर्यावरण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(15) श्री गुरूमुख सिंह होरा, सदस्य, जिला-धमतरी में रामसकरी तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य में अनियमितता किये जाने की ओर नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(16) सर्वश्री गुरूमुख सिंह होरा, राजकमल सिंघानिया, लेखराम साहू, सदस्य, जिला - धमतरी के बांसपारा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य में अनियमितता किये जाने की ओर नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(17) श्री नंद कुमार पटेल, सदस्य, जिला-जशपुर के सीमावर्ती क्षेत्र में मवेशी तस्करों द्वारा एक व्यक्ति की हत्या किये जाने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(18) डॉ. शक्राजीत नायक, सदस्य, बाल संरक्षण बालिका आश्रम, माना,रायपुर से अनेक नाबालिग लड़कियों के भाग जाने की ओर महिला एवं बाल विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(19) श्री धर्मजीत सिंह, सदस्य, जिला-जांजगीर-चांपा विकासखण्ड अकलतरा के ग्राम अमरताल में संचालित के.व्ही. के बायो एनर्जी में भूसे के स्थान पर कोयले का उपयोग किये जाने की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(20) श्री गुरू रूद्रकुमार, सदस्य, रायपुर जिले के आरंग विकासखण्ड में रेत उत्खनन करने वाले ट्रकों से अवैध वसूली की जाने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(21) श्री भीमा मण्डावी, सदस्य, जिला-दंतेवाड़ा में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत पुल-पुलिया निर्माण कार्य में अनियमितता किये जाने की ओर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(22) श्री शिवराज सिंह उसारे, सदस्य, राजनांदगांव जिला अंतर्गत वनांचल क्षेत्रों में लौह अयस्क का अवैध उत्खनन किये जाने की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(23) श्री सौरभ सिंह, सदस्य, जांजगीर-चांपा जिले के बलौदा विकासखण्ड अंतर्गत बुड़गहन में विभिन्न विकास कार्यो हेतु स्वीकृत राशि का बिना कार्य किये आहरण किये जाने की ओर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(24) सर्वश्री देवजी पटेल,धर्मजीत सिंह,कुलदीप सिंह जुनेजा,सदस्य,जिला-जांजगीर-चांपा में आयोजित भारत साक्षर प्रशिक्षण कार्यक्रम में व्याप्त अव्यवस्था से अनेक लोगों के बीमार होने की ओर स्कूल शिक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

क्रमशः .... 3

## 3. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) श्री भोलाराम साहू, सदस्य, खुज्जी विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम आकों से रानीपुरखड़खड़ी पहुंच मार्ग में नाले पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण करने,

(2) श्री देवजी पटेल, सदस्य, धरसींवा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रायखेड़ा में पशु औषधालय भवन निर्माण करने,

(3) डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी, सदस्य, मस्तूरी विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हिर्री से परसदा मार्ग पर लीलागर नदी पर पुल निर्माण करने,

(4) श्री डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, सदस्य, जिला दुर्ग अंतर्गत सिरसा गेट भिलाई-3 में रेल्वे ओव्हर ब्रिज निर्माण करने,

(5) श्रीमती पद्मा घनश्याम मनहर, सदस्य, सारंगढ़ विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत -

(i) कोतरी में पूर्व माध्यमिक शाला को हाई स्कूल में उन्नयन करने,

(ii) डोंगिया में पूर्व माध्यमिक शाला को हाई स्कूल में उन्नयन करने,

(iii) परसकोल अ में पूर्व माध्यमिक शाला को हाई स्कूल में उन्नयन करने,

(6) श्री दूजराम बौद्ध, सदस्य, पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत -

(i) ग्राम कोसीर में धान खरीदी केन्द्र खोलने,

(ii) ग्राम सिंघलद्वीप में स्टापडेम निर्माण करने,

(7) श्रीमती अंबिका मरकाम, सदस्य, सिहावा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत -

(i) ग्राम बेधवा पत्थरा, बांधा एवं सांकरा (चिवर्री) में हाई स्कूल खोलने,

(ii) ग्राम केरेगांव में स्टापडेम निर्माण करने तथा

(8) श्री जगेश्वरराम भगत, सदस्य, जिला जशपुर अंतर्गत ग्राम बेंजोड़ा से लुखी तक पुलिया सहित सड़क निर्माण करने

**के संबंध में याचिकायें प्रस्तुत करेंगे.**

## 4. वर्ष 2013-2014 की अनुदान मांगों पर चर्चा

| निर्धारित समय | | | |
|---|---|---|---|
| 3 घंटे | मांग संख्या | 1 | सामान्य प्रशासन |
| | मांग संख्या | 2 | सामान्य प्रशासन विभाग से संबंधित अन्य व्यय |
| | मांग संख्या | 6 | वित्त विभाग से संबंधित व्यय |
| | मांग संख्या | 31 | योजना, आर्थिक तथा सांख्यिकी विभाग से संबंधित व्यय |
| | मांग संख्या | 60 | जिला परियोजनाओं से संबंधित व्यय |
| | मांग संख्या | 12 | ऊर्जा विभाग से संबंधित व्यय |
| | मांग संख्या | 25 | खनिज साधन विभाग से संबंधित व्यय |

क्रमश: .... 4

| | | |
|---|---|---|
| मांग संख्या | 32 | जनसम्पर्क विभाग से संबंधित व्यय |
| मांग संख्या | 71 | सूचना प्रौद्योगिकी एवं जैव प्रौद्योगिकी |
| मांग संख्या | 65 | विमानन विभाग |
| मांग संख्या | 48 | तेरहवें वित्त आयोग की अनुशंसा पर प्राप्त होने वाला सहायता अनुदान |

## 5. अशासकीय संकल्प

निर्धारित समय

1 घंटा 10 मिनट (1) श्री मोहम्मद अकबर,सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे :-

सदन का यह मत है कि "प्रदेश की शाला भूमि से अतिक्रमण हटाया जाय तथा प्रत्येक गांवों में शाला खोलने हेतु स्थान सुनिश्चित कर शाला भवन निर्माण हेतु आवंटित किया जाय."

1 घंटा 10 मिनट (2) श्री महंत रामसुंदर दास,सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे :-

सदन का यह मत है कि "प्रदेश में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं जिला चिकित्सालयों में उपचार हेतु मरीजों के साथ आये हुये परिजनों के लिये सुविधायुक्त प्रतीक्षालय भवन का निर्माण कराया जाय."

## 6.अशासकीय विधेयक

10 मिनट

श्री मोहम्मद अकबर, सदस्य, छत्तीसगढ़ लोक आयोग (संशोधन) विधेयक,2013 (क्रमांक 2 सन् 2013) के पुर:स्थापन का प्रस्ताव करेंगे तथा अनुमति प्राप्त होने पर विधेयक पुर:स्थापित करेंगे.

रायपुर
दिनांक 14 मार्च,2013

देवेन्द्र वर्मा
प्रमुख सचिव.